# प्रेस विज्ञप्ति
## बिहार पुलिस मुख्यालय
### दिनांक–22.09.2023 (416)

| गत दिनों अन्य राज्यों से कुख्यात/वांछित अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी। | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला/थाना** | **संक्षिप्त** |
| 01. | गोपालगंज/ फुलवरिया थाना | ➢ दिनांक–20.09.2023 को गोपालगंज पुलिस द्वारा **अन्तर्राज्यीय शराब माफिया प्रमोद सिंह को देवरिया (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार** किया गया।<br>➢ **बिहार एवं उत्तर प्रदेश राज्य में 06 से अधिक मामले दर्ज** हैं। |
| 02. | मुंगेर/ नया रामनगर थाना | ➢ जिले के टॉप 10 कुख्यात वांछित अपराधकर्मी 1. चंदन ताँती एवं 2. कुंदन ताँती को **फरीदाबाद (हरियाणा) से** दिनांक 17.09.2023 को मुंगेर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।<br>➢ हत्या के कई काण्ड अंकित हैं। |
| 03. | नवगछिया/ | ➢ दिनांक–18.09.2023 को बिहार एस0टी0एफ0 के द्वारा नवगछिया जिले के कुख्यात वांछित अपराधी **जय यादव को दिल्ली के लाहोरी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार** किया गया।<br>➢ मधेपुरा एवं भागलपुर (नवगछिया) जिला के विभिन्न थानों में हत्या एवं रंगदारी सहित **कई काण्ड दर्ज हैं।** |

| गत दिनों कुख्यात/वांछित साइबर अपराधियों/ नक्सली एवं अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी। | | |
|---|---|---|
| 04. | कटिहार/ साईबर थाना | ➢ साइबर अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई।<br>➢ दिनांक–20.09.2023 को कटिहार साइबर थाना द्वारा ग्रामीण स्तर पर आधार अपडेट करने, बैंक थाना खोलने, सरकारी योजनाओं का लाभ इत्यादि के नाम पर लोगों के आधार कार्ड, पहचान पत्र, फिंगर प्रिंट इत्यादि प्राप्त करने वाले 03 साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया।<br>➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के पास से विभिन्न बैंकों के 90 ए0टी0एम0 कार्ड, 23 नकली Thumb impression, 06 आधार कार्ड की छायाप्रति, 109 पासबुक एवं 01 चेकबुक बरामद किया गया। |
| 05. | सारण/ दरियापुर थाना | ➢ जिले का वांछित माओवादी अग्निदेव राम अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार।<br>➢ दिनांक–19.09.2023 को दरियापुर थानान्तर्गत गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर वांछित माओवादी अग्निदेव राम को गिरफ्तार किया गया।<br>➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरुद्ध दरियापुर एवं डेरनी थाना में नक्सल से सम्बन्धित एवं अन्य 06 काण्ड दर्ज हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| 06. | मोतिहारी / हरसिद्धि थाना | ➢ अपराध करने के पूर्व अपराधी गिरफ्तार।<br>➢ दिनांक 18.09.2023 को एस0टी0एफ0 एवं मोतिहारी पुलिस द्वारा हरसिद्धि थानान्तर्गत कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा मादक पदार्थ एवं हथियार की खरीद–बिक्री एवं किसी वित्तीय संस्थान के लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाने की सूचना पर छापामारी कर 04 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया।<br>➢ बरामदगी–मादक पदार्थ (चरस)–510 ग्राम, 2. देशी कट्टा–02, कारतूस–04 एवं अन्य सामान।<br>➢ विभिन्न थानों में चोरी एवं लूट के कई काण्ड अंकित हैं। |
| 07. | ➢ मुजफ्फरपुर / ब्रह्मपुरा थाना | ➢ अन्तर्राज्यीय पेशेवर शटर कटवा गिरोह का उदभेदन।<br>➢ दिनांक 17.09.2023 को ब्रह्मपुरा थानान्तर्गत गुप्त सूचना के आधार पर अन्तर्राज्यीय शटर कटवा गिरोह के 09 अपराधी सभी जिला मोतिहारी को गिरफ्तार किया गया।<br>➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के पास से स्मैक–40 पुड़िया, मोबाइल–09, कटर कैंची–04, पिकअप–01 एवं अन्य उपकरण बरामद किया गया।<br>➢ गिरफ्तार गैंग के द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनउ, असम के दीमापुर, नेपाल में भी दुकानों के शटर काट/तोड़ कर चोरी की घटना की गयी है।<br>➢ इस गिरोह के द्वारा दरभंगा के शिवधारा, मोतिहारी एवं मुजफ्फरपुर के थाना क्षेत्रों में कई दुकानों का शटर काटकर चोरी की गयी है। |
| 08. | मुंगेर / जमालपुर थाना | ➢ अवैध आग्नेयास्त्र के साथ 07 हथियार तस्कर गिरफ्तार।<br>➢ दिनांक 20.09.2023 को जमालपुर थानान्तर्गत जुबली बेल के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध आग्नेयास्त्र की तस्करी के लिए एकत्रित होने की सूचना पर छापमारी कर 07 हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया गया।<br>➢ बरामदगी– अर्द्धनिर्मित पिस्टल–21, बैरेल–21 एवं अन्य सामान। |
| 09. | सीवान / जामो बाजार थाना | ➢ **जिले के टॉप–10 में शामिल कुख्यात वांछित अपराधी विशाल सिंह गिरफ्तार।**<br>➢ दिनांक–21.09.2023 को बिहार एस0टी0एफ0 के द्वारा जिले का टॉप–10 में शामिल कुख्यात वांछित अपराधी विशाल सिंह को जामो बाजार थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।<br>➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के पास से देशी पिस्टल–01, जिंदा कारतूस–05 बरामद किया गया।<br>➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरुद्ध सीवान जिला के विभिन्न थानों में लूट एवं डकैती सहित कई काण्ड अंकित हैं। |

**XXXXX**